हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 13 जुलाई 2026

06 कोतवाली चौक से कॉलेज चौक तक सरपट हुई सड़क...



07 किसान अधिकार यात्रा पहुंची गांवों में अन्नदाताओं...





### सब्जी एवं फल विक्रेताओं को पहुंचाया निर्धारित स्थान पर

# बाजार व्यवस्थित कराने सड़क पर उतरे तहसीलदार और सीएमओ, दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर के निर्देश पर रविवारीय हाट को व्यवस्थित लगवाने के लिए स्वयं सीएमओ वैभव देशमुख और तहसीलदार सुनील शर्मा सड़क पर उतरे। इस दौरान आने वाले सब्जी विक्रेताओं को आटो सहित निर्धारित स्थान पर पहुंचाया गया। मार्ग अवरूद्ध न करने की समझाइश दी गई। साथ ही राजस्व की टीम को सख्त हिदायत दी गई कि सब्जी, फल एवं अन्य सामग्री विक्रेताओं को निर्धारित स्थान पर पहुंचाते रहें। कोई भी मार्ग अवरूद्ध न करें। व्यापारियों को समझाइश भी दी जा रही है कि अपनी सामग्री निर्धारित स्थान पर ही रखें। राजस्व शाखा के एआरआई शेख अकबर, ब्रजेश सारवान, शेख सिकंदर, नितेश गौर, सतीष रघुवंशी सहित नगरपालिका का अतिक्रमण दल अलसुबह से देर शाम तक बाजार व्यवस्था में लगा रहा।

**खास बातें**

- हाट में आने वाले सब्जी और फल विक्रेताओं को उनके वाहनों (ऑटो) सहित निर्धारित व सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कराया गया।
- अधिकारियों ने दुकानदारों को दोटूक शब्दों में समझाइश दी कि वे किसी भी परिस्थिति में मार्ग अवरुद्ध न करें।

शहर में हाट बाजार को नियंत्रित करने के लिए एसडीएम और सीएमओं ने दिनभर अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया।



**दिनभर मुस्तैद रहा अमला**

बाजार व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए राजस्व और नगरपालिका का संयुक्त अतिक्रमण दस्ता रविवार को सुबह से ही तैनात हो गया था। इस कार्रवाई में राजस्व शाखा के एआरआई शेख अकबर, ब्रजेश सारवान, शेख सिकंदर, नितेश गौर और सतीष रघुवंशी सहित नगरपालिका के अतिक्रमण विरोधी दल के कर्मचारी देर शाम तक मुस्तैदी से डटे रहे। प्रशासन की इस सक्रियता से रविवार को हाट बाजार में आने वाले आम नागरिकों को जाम से बड़ी राहत मिली। वहीं तहसीलदार और सीएमओ ने मौके पर तैनात राजस्व व नगरपालिका की टीम को सख्त हिदायत दी कि वे बाजार में लगातार गश्त करते रहें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी विक्रेता सड़कों पर दोबारा अतिक्रमण न कर पाए।

**दी जा रही समझाईश**

आरएसआई शेख अकबर ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के मार्गदर्शन में बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित किया जा रहा है। वहीं छोटे दुकानदारों को रोड किनारे दुकाने नहीं लगाने की समझाईश दी जा रही है। वहीं नही मानने वालों पर कार्रवाई भी होगी।

**बाजार व्यवस्थित करना है चुनौती**

नर्मदापुरम शहर पिछले कुछ वर्षो आबादी बढ़ने और यातायात व्यवस्था न होने से सड़के छोटी होते जा रही हैं। वहीं शहर के व्यापारी अपनी दुकानों का सामन भी सड़क किनारे रखकर यातायात अवरूद्ध कर देते हैं इससे हमेशा जाम की स्थिति बनती है।

## हजरत गौरी शाह बादशाह की मजार में तोड़फोड़ के आदतन आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर




बागरातवा स्थित हजरत गौरी शाह बादशाह की मजार में हुई तोड़फोड़ की घटना का माखननगर पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने शराब के लिए पैसे तलाशने की नीयत से मजार में प्रवेश किया था। जब उसे वहां कोई नकदी नहीं मिली तो उसने गुस्से में आकर रेलिंग तोड़ दी, धार्मिक सामग्री को क्षतिग्रस्त कर दिया और बैटरी चोरी करने का भी प्रयास किया।

पुलिस के मुताबिक 5 जुलाई को सेमरी हरचंद निवासी सलीम शाह ने माखन नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि अज्ञात व्यक्ति ने हजरत गौरी शाह बादशाह की मजार की रेलिंग तोड़ दी, चादर, कुरान शरीफ सहित अन्य धार्मिक सामग्री को इधर-उधर फेंक दिया और परिसर में रखे सामान के साथ तोड़फोड़ की। तोड़फोड़ की घटना से मुस्लिम समाज में आक्रोश था आमगांव कमेटी ने लगभग 200 लोगों ने ज्ञापन देकर चार दिन में आरोपी को पकड़ने की मांग की थी। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक साईकृष्णा एस. थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन तथा एसडीओपी सोहागपुर संजू चौहान के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस ने आसपास के साक्ष्यों और संदिग्धों से पूछताछ के आधार पर अमजद उर्फ गोंगा (35) निवासी टांडा मोहल्ला, माखन नगर को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कथित तौर पर वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार अमजद शराब पीने का आदी है और आर्थिक तंगी के कारण मजार में पैसे मिलने की उम्मीद से पहुंचा था। जब वहां उसे कोई रकम नहीं मिली तो उसने गुस्से में रेलिंग तोड़ दी, धार्मिक सामग्री को नुकसान पहुंचाया तथा बैटरी चोरी करने का प्रयास किया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पूर्व से 24 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में एसडीओपी संजू चौहान, थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर सहित माखननगर थाना पुलिस की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**2400 गौ वंश को मिला आश्रय स्थल**

**नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आवाहन पर गौ वंश की सुरक्षा एवं उनके संवर्धन के लिए जिले में सतत रूप से कलेक्टर सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में विभिन्न अभियान का संचालन कर निराश्रित गौ वंश को उचित आश्रय स्थल एवं गौशालाओं तक स्थानांतरित किया जा रहा है। इसी क्रम में गौ संरक्षण एवं गौ संवर्धन के लिए कलेक्टर सोमेश मिश्रा की एक अभिनव पहल का अत्यंत सकारात्मक एवं गौवंश हितेषी परिणाम देखने को मिला जिसमे जिले के तहसील सिवनी मालवा में 2400 निराश्रित गौ वंश को एक उचित और संरक्षित आश्रय स्थल प्राप्त हुआ है।

## इटारसी के भाजपा पार्षद जिमी कैथवास पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी के भाजपा वार्ड पार्षद जिमी कैथवास पर चाकू से जानलेवा हमला हुआ। हमले में पार्षद को गंभीर चोट आई हैं, जिसे शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्षद जिमी कैथवास अपने खेत पर बोवनी का कार्य कर रहे थे। यह वारदात पिंक सिटी के पीछे स्थित उनके खेत पर हुई, जब वे वहां अकेले थे। पार्षद के अनुसार, आरोपी अमन राजपूत अपने कुछ



साथियों के साथ तीन गाड़ियों से आया था। अमन ने पहले कट्टे से फायर किया, लेकिन गोली मिस हो गई। इसके बाद आरोपी ने उनके बाएं पैर में चाकू मार दिया। गंभीर रूप से घायल पार्षद को तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके पैर में चार टांके आए हैं। उनकी हालत स्थिर बनी हुई है।

## बनखेड़ी में अन्नपूर्णा प्रदर्शनी एवं पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन, सांसद हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जनपद शिक्षा केंद्र बनखेड़ी द्वारा संदीपनी हायर सेकेंडरी विद्यालय परिसर में अन्नपूर्णा प्रदर्शनी एवं पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी सम्मिलित हुए। सांसद चौधरी ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न पौष्टिक एवं पारंपरिक व्यंजनों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्थानीय खाद्य परंपराओं, स्वच्छता एवं संतुलित पोषण को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं समाज में सकारात्मक संदेश देती हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश सराठे, संजीव मालानी, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान सदस्य नीतिराज सिंह




पटेल, मंडल अध्यक्ष भागवती पटेल, छोटे साहब, पलाश शुक्ला सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## नपा अध्यक्ष ने सड़क-नाली निर्माण का किया निरीक्षण, वार्डवासियों से सहयोग की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड पार्षद राहुल प्रधान के साथ वार्ड 19, मालवीय गंज स्थित भारत माता चौराहे के पास प्रशांत ठाकुर के मकान से संजय राव के मकान तक बन रही 100 मीटर सीसी सड़क एवं नाली निर्माण का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, सड़क की लंबाई, चौड़ाई, मोटाई तथा नाली की ढाल की बारीकी से जांच की और संबंधित एजेंसी को सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के



अनुरूप करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान चौरे ने निर्माण एजेंसी से कहा नियमित क्योरिंग सुनिश्चित करें, निर्माणाधीन सड़क पर आवारा पशुओं और भारी वाहनों की आवाजाही रोकने तथा कार्य को तय समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। वार्ड पार्षद राहुल प्रधान ने कहा सड़क और जलनिकासी की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासियों ने निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर विधायक डॉ.सीता सरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं नपाध्यक्ष के प्रति आभार जताया।

### 64 ग्राम पंचायतों में हुईं ग्राम सभाएं आयोजित

**नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास प्लस-2024 सर्वे की प्रारूप स्थायी प्रतीक्षा सूची के अंतिमकरण एवं ग्रामसभा सत्यापन की कार्यवाही के लिए शुक्रवार, 10 जुलाई 2026 को जनपद पंचायत माखननगर की सभी 64 ग्राम पंचायतों में ग्रामसभाओं का आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्रामीण विकास आयुक्त कार्यालय, भोपाल के निर्देशों के अनुरूप किया गया। ग्रामसभाएं मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 की धारा-6, मध्यप्रदेश ग्रामसभा (सम्मिलन की प्रक्रिया) नियम, 2001 तथा मध्यप्रदेश पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियम, 2022 के प्रावधानों के अनुसार आयोजित की गई।

## वारदातः उधारी के पैसे को लेकर दो पक्षों में हुआ खूनी विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर ग्राम सांगा खेड़ा खुर्द में उधारी के विवादमें दो पक्ष आपस में भिड़ गए राड और डंडे से मारपीट की दोनों पक्ष के लोग लहू लोहान हो गए।

पुलिस ने रियाज खान की रिपोर्ट पर संतोष कीर शिवा कीर अनिकेत अमन सुमन किरण के विरुद्ध मामला दर्ज किया है वही संतोष कीर रिपोर्ट पर लियाकत खान रियाज खान जरीना बी के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में दिया है दोनों पक्षों को सर और हाथ पैर में चोट आई है माखन नगर स्वास्थ्य केंद्र में दोनों पक्षों के घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।



### पशुपालक परिवारों तक पहुंचेगा अमला,

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नेतृत्व में पशुपालन एवं डेयरी विभाग, नर्मदापुरम द्वारा जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने तथा पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तृतीय चरण 13 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक संचालित किया जाएगा। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. शैलेन्द्र नेमा ने बताया कि अभियान के दौरान जिले के सभी सात विकासखंडों—नर्मदापुरम, बाबई, पिपरिया, बनखेड़ी, सोहागपुर, सिवनी मालवा एवं केसला में विभागीय मैदानी अमला 11,595 पशुपालक परिवारों तक पहुंचकर संपर्क, मार्गदर्शन एवं जागरूकता अभियान संचालित करेगा।

## पॉश कॉलोनी में हुई लाखों की चोरी का खुलासा, 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

थाना कोतवाली पुलिस ने नर्मदापुरम की पॉश कॉलोनी 'रिवर व्यू' के एक सूने मकान में हुई लाखों रुपये की सनसनीखेज चोरी का महज 72 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 8 कंप्यूटर सिस्टम और 8 लैपटॉप समेत करीब 11 लाख मूल्य का चोरी गया सामान बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी कपिल शर्मा (36) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 जुलाई से 7 जुलाई के बीच जब वे जयपुर गए थे, तब अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सामान और अन्य कीमती सामान



पार कर दिया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जब वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर फरियादी के कार चालक वाजिद गुफरान सिद्दीकी से कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

**सह-आरोपी गिरफ्तार,**

मुख्य आरोपी वाजिद ने बताया कि उसने चोरी किए गए सामान का एक हिस्सा इंदौर के खजराना निवासी अपने परिचित आफताब खान को बेच दिया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से 08 कंप्यूटर सिस्टम, 08 लैपटॉप 01 राडो कंपनी की कीमती घड़ी, एलईडी टीवी, आरओ, इलेक्ट्रिक केतली और ट्रिमर सहित अन्य सामान सहित लगभग 11 लाख का माल बरामद किया। यह पूरी कार्रवाई नर्मदापुरम पुलिस अधीक्षक डॉ. साई कृष्णा एस थोटा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन एवं अनुविभागीय अधिकारी जितेंद्र पाठक के निर्देशन में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में की गई। इस टीम में सउनि संजय रघुवंशी, प्रधान आरक्षक रितेश यदुवंशी, साइबर सेल के आरक्षक दीपेश सोलंकी सहित कई पुलिसकर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

इसके अतिरिक्त, जिले की स्टेशन रोड पिपरिया पुलिस ने भी एक सफलता हासिल की है। पुलिस ने धक्का मारकर बैग से 5,500 रुपए चोरी करने के मामले में अज्ञात आरोपी नैना (19 वर्ष), निवासी जमनी टोला सोहागपुर) को गिरफ्तार कर चोरी की राशि बरामद कर ली है।

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल, रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



वॉर्ड 12 कावेरी स्टेट में सीनियर सिटीजन ग्रुप एवं महिला मंडल द्वारा पार्षद मनजीत कलोशिया की उपस्थिति पार्क परिसर में 25 फलदार एवं छायादार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर सभी ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। संदेश दिया गया कि ₹पेड़ केवल प्रकृति की धरोहर नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। इस अवसर पर राजेश जायसवाल, केके सोनी, राजेश मालवीय, प्रमोद पाल, आरबी श्रीवास्तव, एमएल गुप्ता, सुरेंद्र सराठे, एमआर गौर, अमित तिवारी, संगीता जायसवाल, सीमा सोनी, सीमा गोयल, मोना मालवीय, सुमन गुप्ता, लता चौरसिया, सरिता गोस्वामी, यूवी शर्मा, अनुग्रह देवहरे एवं श्रेयांस सेठी आदि की उपस्थिति रही।

### आचार्य समय सागर महाराज का इटारसी में हुआ आगमन

## 4 किमी के रास्ते में लहराए धर्म ध्वज, भव्य अगवानी भोपाल में आचार्य श्री के वर्षायोग की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

1999 में आचार्य विद्यासागर महाराज के चरण इटारसी की धरती पर पड़े थे। अब ढाई दशक बाद आचार्य समय सागर महाराज का नगर आगमन हुआ। उनके साथ संघ में 19 मुनि हैं। रविवार को आचार्य संघ ने जैसे ही शहर की सीमा में मंगल प्रवेश किया, उनकी भव्य अगवानी हुई। पूरा वातावरण जयघोष से गूंज उठा। 4 किमी के रास्ते में धर्म ध्वज लहरा रहे थे। जगह-जगह स्वागत द्वार लगे। श्रावकों ने मार्ग पर जलपात्र रखकर मुनियों के चरण धोए। विभिन्न समाज और संगठनों ने आचार्य संघ की अगवानी की। आचार्य श्री रविवार की सुबह पथरौटा के एक गार्डन में मुनियों के साथ रुके। उनके दर्शन के लिए इटारसी सहित भोपाल, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, रायसेन, सीहोर, विदिशा, नरसिंहपुर व अन्य जिलों से धर्मावलंबी आए। दोपहर सवा तीन बजे मुनि संघ ने पैदल विहार



शुरू किया। यात्रा में अश्व पर सवार बच्चे ध्वज थामे हुए थे। शोभायात्रा में बैंड बाजों के साथ 11 घोड़े व 2 ऊंट चल रहे थे। एक कृत्रिम हाथी भी था। अश्व बने कलाकारों ने नृत्य की प्रस्तुति की। मार्ग में स्वयंसेवक और पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे। शाम सवा चार बजे पुरानी इटारसी के एसबीआई चौराहे पर दर्शन के लिए इतनी भीड़ उमड़ी की यातायात को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से डायवर्ट करना पड़ा। मंच पर आर्यिका भावनामति, सदयमति व भक्तिमति सहित ब्रह्मचारी बहनों ने आचार्य श्री की परिक्रमा की। भगवान शांतिनाथ जिनालय, आदिनाथ मंदिर पार्श्वनाथ मंदिर, महावीर जिनालय, श्वेतांबर श्रीसंघ, तारण तरण चैत्यालय के सदस्यों और हिंदू समाज संगठन के महिला मंडल ने इसमें हिस्सा लिया। संघ की यात्रा ओवरब्रिज होते हुए पहली लाइन के श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर पहुंची जहां आचार्य श्री और मुनियों ने भगवान के दर्शन किए। दर्शन के बाद आचार्य श्री लाइन एरिया होते हुए न्यास कॉलोनी में जैन समाज के कीर्ति स्तंभ के पास महावीर परिसर में पहुंचे, जहां उनके मंगल प्रवचन हुए। समिति अध्यक्ष अनिल जैन व संरक्षक मुकेश जैन को श्रीफल अर्पित करने व पाद प्रक्षालन का सौभाग्य मिला। मंच से घोषणा की गई की आचार्य श्री संघ का चातुर्मास राजधानी भोपाल में होगा। समिति प्रवक्ता शैलेष जैन ने बताया सोमवार 13 जुलाई की सुबह 8.45 बजे महावीर परिसर में पूजन और प्रवचन होंगे।

## कायस्थ समाज ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पर्यावरण को हरा-भरा बनाने और भावी पीढ़ी को शुद्ध हवा का उपहार देने के संकल्प के साथ अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति और पुरुष वर्ग ने रविवार को एक मुहिम की शुरुआत की। टेलीफोन एक्सचेंज स्थित पानी की टंकी के पास बने पार्क में समाज के लोगों ने विभिन्न प्रजातियों के फलदार और छायादार पौधे रोपे। इस अवसर पर सामाजिक मातृ शक्तियों ने निर्णय लिया कि मानसून के इस मौसम का पूरा लाभ उठाते हुए अब 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर हर रविवार को शहर के अलग-अलग वार्डों और सार्वजनिक स्थानों पर निरंतर वृक्षारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी विजय वर्मा, प्रीती खरे, रितु श्रीवास्तव, अशोक वर्मा, सुनील राय, मनोज वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, ममता तिवारी शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### खेलते समय कुएं में गिरा छह वर्षीय मासूम, मौत

**बैतूल।** चिचोली थाना क्षेत्र के ग्राम कामठामाल में एक छह वर्षीय बच्चे की कुएं में गिरने से मौत हो गई। बच्चे ने शनिवार शाम कुएं में गिरने के बाद रविवार तडक़े जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, ग्राम कामठामाल निवासी आशीष पिता बुधराम (6) शनिवार शाम अपने खेत पर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। खेत के पास एक बिना मुंडेर वाला कुआं था। खेलते समय आशीष का पैर फिसल गया और वह कुएं में गिर गया। घटना के समय परिजन पास के खेत में काम कर रहे थे। बच्चों के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और आशीष को कुएं से बाहर निकाला। उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली ले जाया गया। चिचोली अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल बैतूल रेफर किया गया। रविवार तडक़े इलाज के दौरान आशीष की मौत हो गई। जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में इसे एक हादसा माना जा रहा है।

### सांदीपनि स्कूल के विद्यार्थियों ने शुरू किया हरित अभियान

**बैतूल।** पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए बैतूल बाजार के सांदीपनि स्कूल ने 100 विद्यार्थियों और उनके परिवारों के साथ सघन पौधरोपण अभियान शुरू किया है। स्कूल के ईको-क्लब की इस पहल के तहत जहां विद्यार्थी रहते है उनके विभिन्न गांवों में 100 परिवारों के यहां आम के बगीचे विकसित किए जाएंगे, जिससे हरियाली बढ़ाने के साथ भविष्य में परिवारों को फल और आर्थिक लाभ भी मिल सकेगा। अभियान की खासियत यह है पौधे बांटने तक सीमित न रहकर उनके संरक्षण की डिजिटल मॉनिटरिंग भी की जाएगी। प्रभारी प्राचार्य आर.के. मालवीय के मार्गदर्शन में ईको-क्लब की छात्राएं डाली कामतकर, माधुरी बारस्कर, वंशिका पाल और दिव्यांशी खैरकर ने अभियान का संचालन किया एवं इसकी संपूर्ण मॉनिटरिंग भी यह विद्यार्थी ही करेंगे। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 100 ऐसे विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिन्होंने अपने खेत, आंगन या घर के परिसर में पहले से पौधरोपण के लिए गड्ढे तैयार कर लिए थे। चयन पूरी तरह पारदर्शी रखा गया और विद्यार्थियों को गड्ढों की फोटो दिखाने के बाद ही अभियान में शामिल कर पौधे वितरित किए गए। जे.आर.सी. प्रभारी निशा पवार ने बताया कि अभियान की सतत निगरानी के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। इसमें विद्यार्थी गड्ढा खोदने, पौधारोपण, परिवार और दोस्तों के साथ पौधों की सेल्फी तथा सुरक्षा व्यवस्था की तस्वीरें साझा करेंगे। हर दूसरे-तीसरे दिन पौधों की नई तस्वीरें भेजना भी अनिवार्य रहेगा, ताकि उनके विकास और संरक्षण की लगातार मॉनिटरिंग हो सके। इस व्यवस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के साथ पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना मजबूत करना है। अभियान के तहत विद्यार्थियों को आम की उन्नत बडिंग प्रजातियों के पौधे वितरित किए गए, जिनमें दशहरी, लंगड़ा, चौसा और आम्रपाली शामिल हैं। इन पौधों के माध्यम से विभिन्न गांवों में हरियाली बढ़ाने के साथ भविष्य में परिवारों को पोषण और आय का अतिरिक्त स्त्रोत भी उपलब्ध होगा।

### बैतूल में पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ निकलेगी भव्य रैली

**बैतूल।** समस्त आदिवासी समाज संगठन की बैठक पड़ापेन ठाना सदर में वरिष्ठ समाजसेवी शंकर सरियाम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस जिला मुख्यालय पर धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर पड़ापेन ठाना से पारंपरिक वाद्य यंत्रों और पारंपरिक नृत्य के साथ भव्य रैली निकाली जाएगी। रैली अंबेडकर चौक, रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम, शिवाजी चौक, कलेक्ट्रेट मार्ग, लल्ली चौक, सरदार विष्णु सिंह बस स्टैंड और मुल्ला पेट्रोल पंप होते हुए पुनः अंबेडकर चौक से गुरुद्वारा रोड स्थित आदिवासी मंगल भवन पहुंचेगी।

---

राष्ट्रपति के दौरे के लिए हटाए स्पीड ब्रेकर, दोबारा नहीं बनाएं

# कोतवाली चौक से कॉलेज चौक तक सरपट हुई सड़क, दौड़ रहे वाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर की अधिकांश सडक़े सरपट हो गई है। इन सडक़ों पर वाहनों की गति निर्धारित से अधिक होने के कारण आए दिन हादसे हो रहे है। जिन सडक़ों पर ब्रेकर थे, उन्हें भी महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बैतूल दौरे से पहले हटा दिये गये थे, ताकि काफिले को किसी तरह के धक्के न लगें। इस दौरान शहर की सडक़ों से 16 स्पीड ब्रेकर हटवाए थे। अब राष्ट्रपति के दौरे को एक पखवाड़ा बीतने को है। फिर भी इन सडक़ों पर दोबारा स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए हैं।

कोठी बाजार, चक्कर रोड से लेकर कोतवाली चौराहे तक और मोक्षधाम कोठी बाजार से लेकर हमलापुर तक रोजाना एक्सीडेंट हो रहे हैं, क्योंकि सडक़ पर किसी तरह की रुकावट नहीं है। वाहन चालक अनियंत्रित रफ्तार से वाहन चला रहे हैं। सबसे ज्यादा खतरनाक हालात शहर से होकर गुजरने वाली सोनाघाटी से आमला बोरदेही तक बनी सीसी सडक़ के है। इस सडक़ पर वाहनों की गति को कंट्रोल करने के लिए कोई ब्रेकर नहीं है। खासकर कोतवाली चौक से कॉलेज के बीच के सभी ब्रेकरों को हटाने से वाहनों की गति बेलगाम हो गई है। वाहन चालक तेज गति से वाहन दौड़ा रहे है। जिससे आए दिन हादसे हो रहे है। पीडब्ल्यूडी की जिन सडक़ों से स्पीड ब्रेकर हटवाए हैं, उस पर तीन स्कूल पड़ते हैं। यहां स्पीड ब्रेकर जरूरी है। अभिभावकों का कहना है कि इस रोड पर स्पीड ब्रेकर की आवश्यकता है। स्पीड ब्रेकर बनाते समय ध्यान रखा जाए। यह ऐसे न हों कि आम नागरिकों को परेशानी होने लगे।

#### स्कूल-कॉलेज के बच्चों करता है आना-जाना

सोनाघाटी से आमला टू-लेन सडक़ पर वन विभाग बैरियर के आगे प्राइमरी स्कूल चक्कर रोड पर पड़ता है। इसके बाद सुभाष हायर सेकंडरी स्कूल मोक्षधाम के सामने है। हमलापुर में प्राथमिक शाला भी पड़ती है। इसी सडक़ पर मोक्षधाम, कोठी बाजार, और साप्ताहिक बाजार भी है। स्कूल समय पर कोतवाली चौक और कॉलेज चौक पर बच्चों की भारी संख्या रहती है। ऐसे में इन स्थानों पर ब्रेकर की अनिवार्यता सबसे ज्यादा है, लेकिन कोतवाली चौक, कमानी गेट, हमलापुर रोड, मुर्गी चौक सहित कॉलेज चौक के पास बने ब्रेकर हटा दिये गये। इन स्थानों पर अब एक भी ब्रेकर नहीं है। हालांकि 2018 में सडक़ पर ट्रैफिक को देखते हुए सडक़ निर्माण के बाद इन ब्रेकरों को बनाया गया था। यह बात अलग है कि यह ब्रेकर बिना मापदंडों के बने थे। ये बिना पेंट के थे। इनकी ऊंचाई तय मानक से ज्यादा थी। कई जगह शिकायत के बाद भी ये नहीं हटे थे।

#### तय मापदंड के अनुसार नहीं थे ब्रेकर, लेकिन दुर्घटनाएं रोक रहे थे

भारत में सडक़ों पर बनाए जाने वाले स्पीड ब्रेकर के लिए आईआरसी ने कुछ स्पष्ट नियम और मानक तय किए हैं। अक्सर स्थानीय स्तर पर लोग बिना नियमों के ऊंचे या तीखे स्पीड ब्रेकर बना देते हैं। ये खतरनाक होते हैं। नियमानुसार स्पीड ब्रेकर की ऊंचाई 10 सेंटीमीटर और चौड़ाई 3.7 मीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। इनका आकार वृत्ताकार या पैराबोलिक होना जरूरी है। स्पीड ब्रेकर दूर से ही ड्राइवर को साफ नजर आना चाहिए। इसके लिए स्पीड ब्रेकर पर सफेद और काली पट्टियां पेंट की जानी चाहिए। रात के अंधेरे में साफ दिखने के लिए इस पर रिफलेक्टिव (चमकने वाले) पेंट का इस्तेमाल होना चाहिए। अब पीडब्ल्यूडी के पास मौका है। वह नए सिरे से मापदंडों के हिसाब से स्पीड ब्रेकर बना सकता है।

#### इनका कहना है

मेरी ज्वाइनिंग से पहले जिन सडक़ों से स्पीड ब्रेकर हटवाए गए थे, उनकी जानकारी ली जाएगी। उन सडक़ों में जरूरत वाली जगहों पर दोबारा स्पीड ब्रेकर लगवाए जाएंगे। इस संबंध में इंजीनियरों को हिदायत भी दी जाएगी।

**- मनीष कुमार मरकाम,**
ई.ई., पीडब्ल्यूडी विभाग बैतूल

#### वाहनों की गति पर नहीं कंट्रोल

कोतवाली चौक से कॉलेज चौक तक सरपट सडक़ पर अब वाहनों की गति को कंट्रोल करने के लिए कोई ब्रेकर नहीं है। ऐसे में वाहन चालक कोतवाली चौक से कॉलेज चौक तक तेज गति से वाहन दौड़ाते है। जिससे आए दिन हादसे होते है। बता दे कि कमानी गेट पर प्रति गुरूवार और रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। इस दिन भी वाहनों की गति तेज रहती है और कमानी गेट पर वाहनों के टकराने की घटनाएं बढ़ रही है। स्पीड ब्रेकरों का अभाव शहर के मुख्य मार्ग पर ही नहीं कालोनियों की सडके भी है। इससे गलियों में भी दुर्घटनाएं होते रहती है। लेकिन शहर की मुख्य सडक और भीड़ वाले क्षेत्रों में दोबारा स्पीड ब्रेकर बनाने के लिए जिम्मेदार विभाग ने कोई पहल नहीं की है।

#### इन स्थानों पर खल रही ब्रेकर की कमी

राष्ट्रपति के दौरे के दौरान कोतवाली चौक, कमानी गेट, हमलापुर रोड, मुर्गी चौक और कॉलेज चौक सहित अन्य स्थानों से ब्रेकर हटाये गये थे। जबकि यातायात की दृष्टि से यह ब्रेकर महत्वपूर्ण थे। इन स्थानों पर हमेशा लोगों की भीड़ रहती है। ऐसे में अब बिना ब्रेकर की सडक़ पर वाहन चालक तेज गति से वाहन दौड़ाते है। बता दे कि शहर में आबादी बढने के साथ ही वाहनों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। पिछले पांच सालों में वाहनों की संख्या दुगुनी तक बढ़ गई है। जिसके अनुपात में सडकों का चौड़ीकरण और आधुनिकीकरण तो किया गया, लेकिन सडकों पर पर्याप्त स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए गए। जिससे चौक-चौराहों पर तेज गति में वाहन गुजरते समय दुर्घटना को अंदाज दे जाते है और पीड़ित को लंबे समय तक इसका खामियाजा चुकाना पड़ता है।

---

पुलिस जांच में जुटी

## युवक ने अज्ञात कारणों से लगाई फांसी, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के गंज थाना क्षेत्र में 34 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान सूरज विश्वकर्मा (34) के रूप में हुई है। शनिवार शाम वह घर लौटा और अपने कमरे में चला गया। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने उसे तुरंत नीचे उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार को गंज थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जांच अधिकारी नीलेश मीणा ने बताया कि आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार, सूरज अविवाहित था। वह एक सरकारी सोसायटी के साथ-साथ जिम में भी काम करता था।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सूरज आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। पुलिस के मुताबिक, अधिक उम्र होने के बावजूद शादी नहीं होने से भी वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने और परिजनों के विस्तृत बयान के बाद ही चल सकेगा।

### सारनी कॉलेज में इसी सत्र से शुरू होगी एमएससी की पढ़ाई

**सारनी।** सारनी एवं आस पास के छात्र छात्राओं को अब एमएससी की पढ़ाई के लिए बैतूल एवं अन्य शहरों की ओर रुख नही करना पडेगा। अब सारनी में ही रहकर छात्र छात्राएं एमएससी की पढाई कर सकेंगे। अब वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णु सिंह उइके शासकीय महाविद्यालय सारनी में इसी सत्र से जन भागीदारी समिति के माध्यम से एमएससी का संकाय इसी सत्र से संचालित किया जाएगा। विधायक डॉ योगेश पण्डागरे, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष कमलेश सिंह एवं कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रदीप पन्द्राम द्वारा किये गए प्रयासों के बाद जनभागीदारी समिति के माध्यम से एमएससी की कक्षाएं संचालित करने की अनुमति उच्च शिक्षा संचालनलय से प्राप्त हो चुकी है। इसके लिए बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी भोपाल द्वारा सारनी कॉलेज को एमएससी बॉटनी, जूलॉजी एवं केमेस्ट्री के साथ साथ एमए राजनीति शास्त्र में प्रवेश के लिए 105 सीट आवंटित की गई है। इन कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया भी आज से प्रारंभ हो गयी है। महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष कमलेश सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में एमएससी का संकाय प्रारंभ करने की मांग विद्यार्थियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। एबीवीपी जैसे छात्र संगठनों द्वारा सारनी से लेकर जिला मुख्यालय तक लगातार प्रदर्शन किया जा रहा था। जनभागीदारी समिति की पिछली बैठक में समिति के माध्यम से एमएससी प्रारंभ करने का प्रस्ताव पारित किया गया था। इस संबन्ध में डॉ योगेश पण्डागरे द्वारा उच्च शिक्षा मंत्री को पत्र देकर एवं उनसे मुलाकात कर सारनी के विद्यार्थियों की इस समस्या से अवगत कराया गया। विश्वविद्यालय से संबद्धता के लिये प्राचार्य ने लगातार प्रयास किया। प्राचार्य प्रदीप पन्द्राम ने बताया कि विधायक डॉ योगेश पण्डागरे एवं जभा समिति के अध्यक्ष के प्रयासों विद्यार्थियों को एमएससी की सौगात मिली है। पहले यहाँ के विद्यार्थियों को एमएससी की पढाइ के लिए बैतूल या अन्य शहरों में जाना पडता था। उन्होंने बताया कि शासन की स्वीकृति एवं यूनिवर्सिटी से संबद्धता मिलते ही एडमिशन प्रारंभ कर दिया गया है।

---

जिला कार्यसमिति की मासिक जिला बैठक संपन्न

## कार्यकर्ता पूरे मनोयोग के साथ बूथ केंद्रों पर संगठन विस्तार में जुटें: कांतदेव सिंह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भाजपा की महत्वपूर्ण मासिक बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय विजय भवन में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी कांतदेवसिंह ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के पथ पर पूरी निष्ठा के साथ अग्रसर है। मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारीयों से वन टू वन चर्चा में श्री सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से अंत्योदय और जनसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ती आई है। संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और हर एक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के पथ पर पूरी निष्ठा के साथ अग्रसर है।

हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि पूरे मनोयोग के साथ शक्ति केन्द्र व बूथ पर प्रशिक्षित कार्यकर्ताओ के साथ संगठन विस्तार में जुट जाए। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि पिछले दिनों जो कार्यक्रम संपन्न हुए उसमें अपेक्षित सफलता हमें मिली है। जिससे हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी की अतिरिक्त जिम्मेदारी इस सफलता को बरकरार रखने की है। आने वाले दिनो में जो भी कार्यक्रम प्रदेश नेतृत्व की ओर से प्राप्त होगें उन्हे भी पूरी तरह से सफल कराने की जिम्मेदारी को समझते हुए हमें कार्यक्रमो की रणनीति बनानी हैं। श्री पंवार ने कहा कि संगठन विस्तार के लिए कार्यकर्ता को मंडल एवं शक्ति केंद्र की बैठकें पूरी जिम्मेदारी के साथ संपन्न हो इसकी चिंता करनी है। बैठक को संबोधित करते हुए डिजिटल लर्निंग अभियान के जिला संयोजक कमलेश सिंह ने कहा कि यह अभियान हर बूथ पर ग्यारह लोगो की प्रशिक्षित टोली का अहम हिस्सा है।

आज का डिजिटल दौर हर क्षेत्र में डिजिटल लर्निंग पर जोर देने वाला है। हमारे बूथ के कार्यकर्ता डिजिटल रूप से प्रशिक्षित होकर अपेक्षित लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकता है। बैठक के दौरान मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, भैसदेही विधायक महेन्द्रसिंह चौहान, आमला विधायक डा.योगेश पंडाग्रे, घोडाडोगरी विधायक गंगा उइके , जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार मंचासीन रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री कृष्णा गायकी ने किया एवं अंत में आभार जिला महामंत्री डा.महेन्द्रसिंह चौहान ने व्यक्त किया। जिला बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष एवं मोर्चो के जिलाध्यक्ष मौजूद रहे।

---

## सतपुड़ा वैली स्कूल के फाउंडेशन डे पर छात्र परिषद ने ली शपथ

लोकतांत्रिक चुनाव में दीवा डागा और मोक्षा डागा बने छात्र संघ अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल में 21वें फाउंडेशन डे के अवसर पर लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का अनूठा संगम देखने को मिला। विद्यालय में आयोजित छात्र परिषद के शपथ ग्रहण समारोह में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

इस दौरान सीबीएसई विंग में मोक्षा डागा तथा कैम्ब्रिज विंग में दीवा डागा ने भारी बहुमत से छात्र संघ अध्यक्ष (स्कूल कैप्टन) निर्वाचित होकर छात्र नेतृत्व की नई मिसाल पेश की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निर्मला डागा एवं निलय विनोद डागा रहे, जबकि विद्यालय की डायरेक्टर दीपाली निलय डागा की विशेष उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक एवं अनुशासित परेड प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। शपथ ग्रहण समारोह में सीबीएसई विंग की छात्र परिषद के स्कूल कैप्टन मोक्षा डागा, कल्चरल कैप्टन नेतल अग्रवाल, डिसिप्लिन कैप्टन आशी खंडेलवाल एवं स्पोर्ट्स कैप्टन समर्थ चौहान ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। वहीं कैम्ब्रिज विंग में स्कूल कैप्टन दीवा डागा, कल्चरल कैप्टन दृष्टि नरवरे तथा स्पोर्ट्स कैप्टन सेजल साहू ने अपने दायित्व ग्रहण किए। सीबीएसई विंग के गुंजन (ग्रीन) हाउस के हाउस कैप्टन यश कावड़े एवं हाउस रिप्रेजेंटेटिव मोक्षदा धाकड़े, नीनाद (ब्लू) हाउस की हाउस कैप्टन प्रगति जैन एवं हाउस रिप्रेजेंटेटिव अविराज चौहान, कलरव (रेड) हाउस की हाउस कैप्टन जिज्ञासा गुजरे एवं हाउस रिप्रेजेंटेटिव रक्षित गोठी तथा झंकार (येलो) हाउस के हाउस कैप्टन झबक पवार एवं हाउस रिप्रेजेंटेटिव बुरहानुद्दीन कुतबी ने भी शपथ लेकर अपनी जिम्मेदारियां संभालीं। कैम्ब्रिज विंग में वीनस हाउस की हाउस कैप्टन अरुंधति वैद्य एवं वाइस कैप्टन श्रष्टि राठौर, नेपच्यून हाउस की हाउस कैप्टन आराध्या दीक्षित एवं वाइस कैप्टन भानुजा पवार, मार्स हाउस की हाउस कैप्टन कनिष्का गोठी एवं वाइस कैप्टन प्रतिभा ठाकुर तथा जुपिटर हाउस के हाउस कैप्टन सारांश देशमुख एवं वाइस कैप्टन बतुल नाज़ ने भी नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की शपथ ली। विद्यालय की डायरेक्टर दीपाली निलय डागा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में श्रेष्ठ संस्कार, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता का विकास करना भी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कार का समन्वय ही बच्चों को जिम्मेदार, संवेदनशील और सफल नागरिक बनाता है। मुख्य अतिथि निर्मला डागा ने विद्यार्थियों को ईमानदारी, सेवा, अनुशासन और समर्पण की भावना से कार्य करने की प्रेरणा दी। वहीं निलय विनोद डागा ने अनुशासित नेतृत्व, टीम भावना और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संदेश दिया। विद्यालय के उप-प्राचार्य अरविंद सिंह राजपूत ने नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय की विशेषता यह रही कि छात्र परिषद के चुनाव पूरी तरह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत बैलेट पेपर के माध्यम से संपन्न कराए गए, जिसमें विद्यार्थियों के साथ शिक्षकगण ने भी मतदान कर अपने प्रतिनिधियों का चयन किया। विद्यालय की इस परंपरा को विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की योग्यता विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जाता है। इस वर्ष छात्र नेतृत्व के चुनाव में उत्साहपूर्ण मुकाबले के बाद कैम्ब्रिज विंग में दीवा डागा और सीबीएसई विंग में मोक्षा डागा ने भारी बहुमत से जीत दर्ज कर छात्र-छात्राओं का विश्वास हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने दोनों नव-निर्वाचित छात्र संघ अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे विद्यार्थियों की समस्याओं और सुझावों को प्रभावी ढंग से विद्यालय प्रशासन तक पहुंचाने के साथ-साथ शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय और सकारात्मक नेतृत्व प्रदान करेंगी।

---

सेवा और समर्पण के संकल्प के साथ लायंस क्लब की नई टीम ने संभाली जिम्मेदारी

# डॉ. संतोष जायसवाल बने लायंस क्लब बैतूल सिटी के नए अध्यक्ष

### नई कार्यकारिणी का हुआ पदभार ग्रहण, सेवा कार्यों को नई ऊंचाई देने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




सेवा, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व के संकल्प के साथ लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-जी2 के अंतर्गत लायंस क्लब बैतूल सिटी, लायंस क्लब महक और लायंस क्लब अमिगोस का संस्थापन एवं शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में तीनों क्लबों की नवगठित कार्यकारिणी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर समाजहित में निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लायंस सदस्य, गणमान्य नागरिक एवं आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में डॉ. संतोष जायसवाल ने लायंस क्लब बैतूल सिटी के अध्यक्ष पद की शपथ लेकर नई कार्यकारिणी के साथ विधिवत पदभार ग्रहण किया। इसी अवसर पर लायंस क्लब महक की अध्यक्ष रक्षा अग्रवाल तथा लायंस क्लब अमिगोस के अध्यक्ष प्रजग भार्गव सहित दोनों क्लबों की नई कार्यकारिणी ने भी शपथ लेकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

#### वरिष्ठ लायन अधिकारियों ने दिलाई शपथ

पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन डॉ. आर.के. चौरसिया ने संस्थापन अधिकारी के रूप में तीनों क्लबों की कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन डॉ. जे.पी.एस. जौहर ने न्यू मेंबर इंडक्शन अधिकारी के रूप में नए सदस्यों का इंडक्शन कराया। कार्यक्रम में एमजेएफ लायन पी.एस. बग्गा एवं जोन चेयरपर्सन डॉ. निहारिका भावसार विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं।

#### समाजसेवा को मिलेगी नई दिशा

अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि लायंस क्लब सेवा, सहयोग और मानवता का प्रतीक संगठन है। नई कार्यकारिणी से अपेक्षा है कि वह शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, जरूरतमंदों की सहायता और जनकल्याण के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. संतोष जायसवाल ने कहा कि उनकी टीम समाज के हर वर्ग तक सेवा कार्य पहुंचाने के उद्देश्य से नवाचार और समर्पण के साथ कार्य करेगी।

#### उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ आयोजन

समारोह का आयोजन होटल आभाश्री के सामने स्थित वृंदावन गार्डन में हुआ। कार्यक्रम में लायंस क्लब बैतूल सिटी के सचिव अनिल दुबे एवं कोषाध्यक्ष शिशिर चौधरी, लायंस क्लब महक की सचिव कीर्ति चंदेल एवं कोषाध्यक्ष संगीता गुप्ता तथा लायंस क्लब अमिगोस के सचिव नीलराज पगारिया एवं कोषाध्यक्ष हिमांशी घोटे सहित तीनों क्लबों के पदाधिकारी, सदस्य और शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में सेवा भावना, संगठनात्मक एकता और सामाजिक दायित्व का संदेश प्रमुखता से दिखाई दिया।

**खबर संक्षेप**



## पर्यटन स्थलों पर प्रवेश प्रतिबंध का सख्ती से कराया जा रहा पालन

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार वर्षाकाल में नागरिकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी वॉटरफॉल, डैम, जल पर्यटन स्थलों एवं अन्य जोखिमपूर्ण स्थानों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस) की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश प्रभावी हैं। इन स्थानों पर वर्षा के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए राजस्व, वन, पुलिस तथा अन्य विभागों के मैदानी अमले की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि पर्यटकों को प्रतिबंधित क्षेत्रों में जाने से रोका जा सके तथा उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके। नायब तहसीलदार रामलोचन तिवारी ने बताया कि दिगंबर वॉटरफॉल पर भोपाल से आए 15 से अधिक पर्यटकों को प्रतिबंधात्मक आदेश की जानकारी देकर संभावित दुर्घटनाओं के मद्देनज़र वापस लौटाया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यटकों से अपील की कि वे अपनी तथा अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश न करें। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों का जीवन एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल, ग्रामीणों से आंदोलन में साथ देने का किया आह्वान

# किसान अधिकार यात्रा पहुंची गांवों में अन्नदाताओं ने की मूंग खरीदी मांग

कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही किसान अधिकार यात्रा रविवार को सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र पहुंची। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने किसानों से संवाद कर मूंग खरीदी, समर्थन मूल्य तथा कृषि से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा



कांग्रेस की ओर से निकाली जा रही किसान अधिकार यात्रा रविवार को सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम निपानियां, हथनापुर, सोयत, काल्याखेड़ी और झिल्लाय पहुंची।

यात्रा के दौरान कांग्रेस नेताओं ने किसानों से संवाद कर मूंग खरीदी, समर्थन मूल्य तथा कृषि से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हनुमान मंदिर में की सद्बुद्धि की प्रार्थना

यात्रा की शुरुआत ग्राम निपानियां में हुई, जहां कांग्रेस नेताओं ने ग्रामीणों के साथ हनुमान जी महाराज के मंदिर पहुंचकर सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की। इसके बाद किसानों की समस्याओं को लेकर प्रतीकात्मक रूप से ज्ञापन अर्पित किया गया।

### गांव-गांव पहुंचकर किसानों से किया संवाद

इसके बाद किसान अधिकार यात्रा हथनापुर, सोयत, काल्याखेड़ी और झिल्लाय पहुंची। प्रत्येक गांव में आयोजित सभाओं में किसानों ने मूंग खरीदी, फसल के उचित मूल्य, सिंचाई एवं कृषि संबंधी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश के किसानों को अपनी उपज बेचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और सरकार को किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना चाहिए।

### कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान रहे उपस्थित

यात्रा के दौरान विभिन्न गांवों में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान नेता तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसान अधिकार यात्रा आगामी दिनों में भी क्षेत्र के अन्य गांवों में पहुंचकर किसानों से संवाद करेगी और उनकी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास जारी रखेगी।

### किसानों नेताओं ने एकजुट होने का किया आह्वान


कांग्रेस नेता अजय बलराम सिंह पटेल ने कहा कि किसान अधिकार यात्रा का उद्देश्य किसानों की आवाज को शासन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि किसान समय पर उपज की खरीदी, उचित समर्थन मूल्य और पारदर्शी व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से किसानों के साथ संघर्ष जारी रखेगी।

### किसान नेता समित पटेल ने किया एकजुट होने का आह्वान

किसान नेता समित पटेल ने कहा कि किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी उपज का उचित मूल्य मिलना उनका अधिकार है। उन्होंने किसानों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया तथा कहा कि किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

# वारीदेवी में फिर आया बाघ किया गोवंश का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत समनापुर के डोकरी खेड़ा डेम के आसपास लगभग गर्मी के दिनौ में भी एक बार तेंदुआ को देखा गया था। जिसके बाद से अभी लगभग 4माह बाद बाघ बारी देवी में देखा गया है।

सबसे बड़ी संख्या में गया । तथा यहां पर गुरु क्रपा नामक गौ शाला में लगभग 250गौ वंश है। जिसकी सेवा के लिए ट्रस्ट का गठन किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से युद्धवीर शर्मा वहीं निवास करते हैं। निजी जमीन पर हि चारा लगाया गया है। शासन द्वारा दी जाने वाली राशि जून 2025से नहीं दी हुई है। इसलिए आसपास घना जंगल लगे होने से अक्सर जंगली जानवर आते हैं। हमेशा गौ वंश को शिकार बनाया करते हैं।अभी दिनांक 11/7/26को की रात्रि में बाघ का प्रवेश हुआ है।

जिसने सुबह 4 बजे के आसपास गौ शाला में प्रवेश कर बैल का शिकार बनाया गया है। लोगों के द्वारा देखा गया है।वन विभाग को सूचना दी गई है। वन विभाग ने चौकसी बढ़ा दी है। केमरे की मदद से नजर रखी जा रही है।

## अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना सम्मान से हर्ष लता सम्मानित



**पिपरिया।** अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक और राष्ट्रीय सम्मान समारोह आयोजित चित्रकुट में किया गया। संगठन के संस्थापक सदस्य डॉ लोहिया सभागार में आर एस एस सिंह के मार्गदर्शन में बैठक में वीरांगना की राष्ट्रीय अध्यक्ष उपाध्यक्ष सह मध्यप्रदेश की अध्यक्ष बंदना सिंह के मुख्य अतिथि के रूप में बैठक हुई। राष्ट्रीय वीरांगना सम्मान समारोह मे लगभग 11राजयो की 112 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इनमें 6 बेटियों को वीरांगना प्रतिभा मीनाक्षी सिंह को सौंदर्य सम्मान के साथ ही वीरांगना महासभा की प्रदेश संगठन सचिव हर्ष लता सिंह राजपूत को नारी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।इस दौरान राजपूत समाज की अनेक गौरवशाली इतिहास की परंपरा का निर्वाहन किया गया। हर्ष लता को पिपरिया एवं जिला क्षत्रिय वीरांगना सम्मान समारोह में हुएं सम्मान के लिए बधाई दी ।

## मध्यस्थता जागरुकता एवं विधिक साक्षरता शिविर संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में मध्यस्थता जागरुकता एवं विधिक सेवा साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में राजेश कुमार अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण पिपरिया द्वारा मध्यस्थता प्रकिया से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त दिनांक 18/7/26एव दिनांक 21/11/26को आयोजित होने वाली धारा 138 के प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष लोक अदालत हेतु लगातार अधिवक्ताओं को प्रेरित किया गया।कि वह उक्त लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति के आधार पर रोक अदालत को सफल बनावे।

उक्त बैठक में अर्चना रघुवंशी द्वितीय जिला न्यायाधीश अखिलेश चांडक सिविल जज सीनियर डिवीजन दिशा चांडक सिविल जज जुनियर डिविजन धर्मेन्द्र नागवंशी वेद प्रकाश भार्गव राजेश रजक जगदीश ढिमोले रजनीश शर्मा एवं अन्य सभी अधिवक्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## पचमढ़ी फुटबॉल प्रतियोगिता: हुआ रोमांचक मुकाबला, 'संघर्ष राज' बना चैंपियन

### पिता-पुत्र की जोड़ी रही मुख्य आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी



स्थानीय पचमढ़ी में 'प्ले किंग' द्वारा आयोजित नगर स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन बेहद रोमांचक और भव्य मुकाबले के साथ हुआ। टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में संघर्ष राज और मास्टर क्लब की टीमें आमने-सामने थीं, जिसमें उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए 'संघर्ष राज' ने जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। उपविजेता का खिताब मास्टर क्लब के खाते में गया।

### पिता-पुत्र की जोड़ी ने मैदान पर रचा इतिहास

इस पूरी प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण मैदान पर खेल रही एक अनोखी जोड़ी रही। संघर्ष राज टीम से खेलते हुए पिता संतोष यादव और उनके पुत्र ओम यादव ने न केवल दर्शकों का दिल जीता, बल्कि अपनी टीम को चैंपियन बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पिता-पुत्र की इस जुगलबंदी की पूरे खेल प्रेमियों के बीच जमकर चर्चा हो रही है।

इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के वरिष्ठ खिलाड़ी दुर्गा कहार, वेद प्रकाश यादव, डोमिनिक जोसेफ और रजनीकांत झा उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार वितरित कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

### समरोह में उभरते हुए खिलाडी हुए सम्मानित

प्रतियोगिता के समापन समारोह में नगर के उभरते हुए खिलाड़ियों को उनकी बेहतरीन खेल प्रतिभा के लिए पुरस्कृत किया गया, जिनमें शामिल हैं:

1 ओम यादव
2 नुकुल चौधरी
3 दक्ष चौधरी
4 मोहम्मद जैद

# 6 माह में उखड़ी 4.25 लाख की सड़क, ग्रामीणों ने उठाए सवाल

### जनपद सदस्य ने मौके पर पहुंचकर कराई जांच, अधिकारियों को दिए निर्देश





**भैरुंदा।** जनपद पंचायत भैरूंदा की ग्राम पंचायत खनपुरा के अंतर्गत पीपलकोटा गांव में निर्माण के महज 6 माह बाद ही सड़क खराब होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह पंवार को मौके पर बुलाकर अपनी समस्या बताई।

ग्रामीणों के अनुसार बजरंग मंदिर से दरगाह तक करीब 4.25 लाख रुपए की लागत से बनाई गई सड़क कुछ ही महीनों में जगह-जगह से उखड़ गई है। सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि उस पर चलना भी मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों ने इस निर्माण कार्य की जांच की मांग करते हुए सीईओ के नाम लिखित शिकायत भी सौंपी है।

मौके पर पहुंचे जनपद सदस्य को ग्रामीणों ने उखड़ी हुई सड़क दिखाते हुए अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा गांवों में बैठने के लिए कुर्सियां वितरित की जा रही हैं, लेकिन उनके गांव को इस सुविधा से वंचित रखा गया है। शिकायत मिलते ही जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह पंवार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से मौके पर ही चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके निर्देश के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग ने दो दिन के भीतर सड़क सुधार का कार्य शुरू कर दिया। अन्य समस्याओं के संबंध में उन्होंने कहा कि वे सीईओ से मिलकर जल्द समाधान सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान किसानों ने खेती से जुड़ी समस्याएं भी सामने रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि इस बार सोयाबीन और मक्का की बोनी प्रभावित हुई है। इस पर जनपद सदस्य ने कृषि विस्तार अधिकारी से चर्चा कर जांच के निर्देश दिए। इसके अलावा खनपुरा के वार्ड-5 में नल-जल योजना के तहत पानी की अनियमित सप्लाई की शिकायत भी ग्रामीणों ने की। जनपद सदस्य ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर जल्द निराकरण कराया जाएगा।

### गायत्री मंत्र जाप एवं पौधरोपण संपन्न

अखिल विश्व गायत्री परिवार नर्मदापुरम द्वारा स्थानीय मालाखेड़ी स्थित विश्वकर्मा मंदिर के समीप श्री तुलसीराम बाबरिया के निवास पर 24 हजार गायत्री मंत्र जाप, एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी परिजनों ने तुलसीराम बाबरिया एवं उनके परिवार का पुष्पवर्षा कर आत्मीय सम्मान किया तथा उनके धार्मिक एवं सामाजिक सहयोग की सराहना की।

## पौधरोपण : नवांकुर संस्था ने रोपे पौधे, होगी नर्सरी तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



माखन नगर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती सुखवती वर्मा के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था एक्सीलेंस आर्यंस सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गनेरा और बीकोर द्वारा स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 02 के ग्राम गनेरा,बीकोर में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया, जलवायु परिवर्तन के बारे में ग्रामवासीयों को बताया गया, और बताया गया कि हमारा गांव कैसे हरा भरा रहे और लगातार पौधारोपण हो, साथ ही पौधारोपण का महत्व भी बताया ।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

इसके बाद बैठक में नवांकुर सखियों ने 2000 पौधों की नर्सरी शीघ्र ही तैयार करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था से मनीष चतुर्वेदी, हर्ष तिवारी एवं नवांकुर सखी एवं ग्राम के अन्य नागरिक उपस्थित रहें।

## साइबर्टेक कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर ने घोषित किया परीक्षा परिणाम, मेधावी किए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी




आईटीआरसी (ITRC) द्वारा रजिस्टर्ड संस्था 'साइबर्टेक कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर' पचमढ़ी द्वारा डीसीए, एडीसीए और पीजीडीसीए के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर एक गरिमामय पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष गोपाल दास काबरा उपस्थित रहे। अध्यक्षता राष्ट्रीय पत्रकार कल्याण परिषद दिल्ली के नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष नफीस खान ने की। विशेष अतिथि के रूप में राकेश पारवे, शिक्षक मनीष गुप्ता, शिक्षिका शाहजहां बेगम, सुश्री सविता साहू, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, शिवम नागवंशी एवं किशन लाल मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

समारोह की शुरुआत आदिवासी कन्या आश्रम, सांदीपनि विद्यालय और शासकीय कन्या पचमढ़ी की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शानदार सामूहिक नृत्यों से हुई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि गोपाल दास काबरा ने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष नफीस खान ने विद्यार्थियों को कंप्यूटर के महत्व और रोचक जानकारियों से अवगत कराया और संस्था को वर्षभर की गतिविधियों के लिए बधाई दी।

कार्यक्रम के अंत में डायरेक्टर मनीष मंसूरिया द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। संस्था के ओनर मोहम्मद इश्तियाक खान ने उपस्थित सभी अतिथियों, पालकों और बच्चों का आभार व्यक्त किया व स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### यह रहे परीक्षा के टॉपर

डीसीए (प्रथम सेमेस्टर): हर्षित अहिरवार (प्रथम), जैनब (द्वितीय), श्वेता एवं प्रियांशु (तृतीय)।

डीसीए (द्वितीय सेमेस्टर): योगिनी नायडू (प्रथम), दीपिका यादव (द्वितीय)।

एडीसीए (प्रथम सेमेस्टर): माही (प्रथम), कंचन व सौरभ (द्वितीय), संतोषी व शीतल (तृतीय)।

एडीसीए (द्वितीय सेमेस्टर): अजय पाल (प्रथम), मरियम (द्वितीय), शौर्या (तृतीय)।

पीजीडीसीए (प्रथम सेमेस्टर): जय श्री (प्रथम), रामेश्वरम (द्वितीय)।

पीजीडीसीए (द्वितीय सेमेस्टर): मनीता गुप्ता व प्रियंका धोटे (प्रथम), रियांशु उईके (द्वितीय), लक्ष्मी व काजल (तृतीय)।

मनीषा मंसूरिया को मिला 'बेस्ट डायरेक्टर' का अवार्ड

कार्यक्रम के दौरान मनीषा मंसूरिया को वर्ष भर के उत्कृष्ट कार्य के लिए 'बेस्ट डायरेक्टर ऑफ द ईयर' के सम्मान से नवाजा गया।

संस्कृत संभाषण शिविर, संस्कृत सप्ताह एवं विभिन्न आयामों की कार्ययोजना

# सिवनी मालवा में संस्कृत भारती की विकासखंड बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा



संस्कृत भारती नर्मदापुरम् के अंतर्गत सिवनी मालवा विकासखंड की बैठक रविवार को जनपद शिक्षा केंद्र सिवनी मालवा में संपन्न हुई। बैठक में संस्कृत के प्रचार-प्रसार, आगामी गतिविधियों तथा संगठनात्मक विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्येय मंत्र के साथ हुआ।

### मार्गदर्शकों ने दिए संगठन विस्तार के सूत्र

बैठक में संस्कृत भारती नर्मदापुरम् के विभाग संयोजक सुधांशु शेखर मिश्र एवं जिला मंत्री अरुण कुमार दुबे ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संस्कृत भाषा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नियमित गतिविधियों और जनसंपर्क अभियान को गति देने पर बल दिया। उन्होंने संस्कृत संभाषण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

### विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर बनी रूपरेखा

बैठक में संस्कृत संभाषण शिविर, पत्राचार पाठ्यक्रम, साप्ताहिक मेलनम्, बाल केंद्र, गीता शिक्षण केंद्र तथा संस्कृत सप्ताह सहित संस्कृत भारती के विभिन्न आयामों एवं उत्सवों की कार्ययोजना तैयार की गई। साथ ही आगामी दिनों में आयोजित होने वाले संस्कृत संभाषण शिविर की रूपरेखा एवं संचालन की विस्तृत योजना पर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं ने विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए अपने-अपने लक्ष्य निर्धारित किए।

### लक्ष्यों को पूर्ण निष्ठा से पूरा करने का संकल्प

विकासखंड अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैठक में सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता उत्साहवर्धक रही। उन्होंने कहा कि संस्कृत संभाषण शिविर सहित अन्य निर्धारित कार्यक्रमों एवं लक्ष्यों को सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ पूरा किया जाएगा।

### कार्यकर्ताओं की रही सक्रिय सहभागिता

बैठक में संस्कृत भारती के उपाध्यक्ष सुनील झरानिया, सह मंत्री यशवंत ठाकुर, श्याम सुंदर रघुवंशी, सपना श्रीवास्तव, राकेश दुबे, विजय पुरी गोस्वामी, उमेश चंद शर्मा, देवेंद्र शर्मा, मुकेश रघुवंशी, सोनू जैन, संगीता बाथव, गुलाब यादव, रविंद्र रजक सहित विकासखंड के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर विधिक साक्षरता व शिविर का आयोजन

# जनसंख्या नियंत्रण और बच्चों के विधिक अधिकारों पर जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शनिवार को ए.डी.आर. सेन्टर, हरदा में माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों के लिए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीश व सचिव चंद्रशेखर राठौर ने उपस्थित बच्चों को बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को मनाया जाता है।

भारत वर्तमान में विश्व का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमानों के अनुसार भारत की जनसंख्या लगभग 146 करोड़ से अधिक है। देश की बड़ी आबादी में युवाओं की संख्या महत्वपूर्ण है, जो भारत के आर्थिक और सामाजिक विकास की बड़ी शक्ति बन सकती है। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि जागरूक नागरिक बनकर वे समाज में जनसंख्या नियंत्रण, लैंगिक समानता, शिक्षा के प्रसार तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बच्चों को पॉक्सो अधिनियम, बच्चों से संबंधित अन्य विभिन्न कानून जैसे बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बालक एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियम) अधिनियम, 1986 आदि के बारे में विस्तृत जानकारियां प्रदान की गई तथा बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लवकेश सिंह ने बच्चों को भारत का संविधान, भारत की न्यायपालिका के बारे में जानकारी दी। शिविर के दौरान बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा उन्हें प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं-निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता, नालसा पोर्टल, टोल फ्री नंबर 15100 आदि की भी जानकारी दी गई। शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अमित मालवीय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एस.के. भदकारिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे, छात्र/छात्राएं, पैरालीगल वॉलेंटियर्स सहित लगभग 50 लोग उपस्थित रहे।

## चेक प्रकरणों के निराकरण के लिए 18 जुलाई व 21 नवंबर को लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

आगामी 18 जुलाई और 21 नवम्बर को धारा-138 परक्राम्य लिखित अधिनियम (नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881) के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष लोक अदालत में चेक अनादरण (चेक बाउंस) से संबंधित प्रकरणों का आपसी समझौते के आधार पर शीघ्र एवं सरल तरीके से निराकरण किया जावेगा। पक्षकारों को न्यायालयीन प्रक्रिया में लगने वाले समय और अनावश्यक व्यय से राहत मिलेगी तथा आपसी सहमति से विवाद का स्थायी समाधान प्राप्त होगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा ने संबंधित पक्षकारों, अधिवक्ताओं, बैंक प्रतिनिधियों और वित्तीय संस्थानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का आपसी समझौते के माध्यम से निराकरण कराएं तथा लोक अदालत का लाभ उठाएं। विशेष लोक अदालतों के संचालन से संबंधित सभी गतिविधियों के समन्वय, निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए जिला मुख्यालय हरदा में पदस्थ न्यायिक अधिकारी जयदीप सिंह, विशेष न्यायाधीश को नोडल अधिकारी नामांकित किया गया है। विशेष लोक अदालत की तैयारियों एवं ऐसे मामलों की पहचान करने के संबंध में न्यायिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई है। प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला मुख्यालय, हरदा पर दो एवं तहसील न्यायालय टिमरनी व खिरकिया हेतु एक-एक लोक अदालत खण्डपीठ गठित की गई है। न्यायालय द्वारा पक्षकारों के मध्य सुलह-प्रयास किये जाने हेतु नोटिस जारी किए जा रहे है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित न्यायालय या कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा में उपस्थित होकर संपर्क कर सकते है।

## पदोन्नति पर पटवारी संघ की रणनीति तेज

# आगामी आंदोलन की रूपरेखा पर भोपाल में हुई बैठक में हरदा के पदाधिकारी शामिल हुए



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मध्यप्रदेश पटवारी संघ द्वारा पदोन्नति सहित लंबित मांगों को लेकर आगामी आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से रविवार को भोपाल स्थित संघ कार्यालय, सहाद्री परिसर (भदभदा रोड) में प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के जिला एवं संभाग अध्यक्षों के साथ वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भाग लिया। हरदा जिले से भी संघ के पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए और जिले की समस्याओं व सुझावों से प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया।

उक्त जानकारी देते हुए पटवारी संघ के प्रदेश संवाद समिति अध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष उपेन्द्र सिंह बघेल ने की। इस दौरान पदोन्नति सहित पटवारियों की लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से अपनी बात रखने के लिए आगामी आंदोलन की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि पटवारियों की वर्षों से लंबित मांगों का शीघ्र समाधान नहीं होता है तो प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसके लिए सभी जिला इकाइयों को संगठन को मजबूत करने और आंदोलन के लिए तैयार रहने के निर्देश भी दिए गए। जैन ने बताया कि बैठक में प्रदेश नेतृत्व द्वारा सभी जिलों से सुझाव लिए गए हैं। संगठन की एकजुटता के साथ आगामी रणनीति पर सहमति बनी है और जरूरत पड़ने पर आंदोलन को प्रदेशव्यापी स्वरूप दिया जाएगा। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने 10 जुलाई 2026 को जारी पत्र के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला एवं संभाग अध्यक्षों तथा वरिष्ठ पदाधिकारियों को इस बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी आंदोलन की रूपरेखा एवं रणनीति तय करना था।

## लोक सेवा गारंटी में अपील स्वतः दर्ज होगी

# समय-सीमा में निराकरण नहीं होने पर आवेदन प्रथम व द्वितीय अपील में जाएगा

**हरदा।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिकों को सेवाएं समय-सीमा में उपलब्ध कराने की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अपील प्रक्रिया में महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है।

संशोधित प्रावधान के अनुसार अब सेवा आवेदन निर्धारित समय-सीमा में निराकृत नहीं होने पर आवेदक को अलग से अपील दर्ज कराने की आवश्यकता नहीं होगी। नए नियम के तहत यदि किसी सेवा आवेदन का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण नहीं होता है, तो समय-सीमा समाप्त होने के 15 दिन बाद संबंधित आवेदन स्वतः प्रथम अपील में दर्ज हो जाएगा। इसी प्रकार यदि प्रथम अपील का भी समय-सीमा में निराकरण नहीं किया जाता है, तो 15 दिन बाद वह स्वतः द्वितीय अपील में दर्ज हो जाएगी। यह नई व्यवस्था मध्यप्रदेश के ई-डिस्ट्रीक्ट पोर्टल पर विकसित कर दी गई है और 10 जुलाई की मध्य रात्रि से प्रभावी हो गई है। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के नियम-8 में किए गए इस संशोधन का उद्देश्य नागरिकों को अपील प्रक्रिया में राहत प्रदान करना, सेवाओं के समयबद्ध निराकरण को सुनिश्चित करना तथा जवाबदेही को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। इससे नागरिकों को अनावश्यक औपचारिकताओं से मुक्ति मिलेगी और लंबित प्रकरणों की निगरानी भी अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगी।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने कार्यक्रम किया

# जिला जेल में बंदियों को दिया शांति और आत्म-सुधार का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से रविवार को जिला जेल हरदा में आध्यात्मिक एवं समाज सुधार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बंदियों को क्षणिक आवेश से बचने, सोच-समझकर निर्णय लेने और मेडिटेशन के माध्यम से मन को शांत रखने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में बी.के. राजेश भाई, बी.के. किरण, बी.के. अनुज, बी.के. भव्यता एवं बी.के. सुभाष भाई उपस्थित रहे। संस्था के सदस्यों ने जेल में परिरुद्ध बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि कई बार व्यक्ति क्षणिक आवेश में गलत कदम उठा बैठता है, जिसका प्रभाव केवल उसके स्वयं के जीवन पर ही नहीं, बल्कि परिवार और समाज पर भी पड़ता है। उन्होंने बंदियों को समझाया कि क्रोध या आवेश की स्थिति में शांत रहकर सोच-विचार के बाद ही कोई निर्णय लेना चाहिए। साथ ही प्रतिदिन मेडिटेशन करने की सलाह देते हुए बताया कि ध्यान से मन शांत रहता है और नकारात्मक विचारों को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। कार्यक्रम के दौरान बंदियों को आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ रहने के लिए प्रेरित किया गया। सभी बंदियों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाकर आपसी सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। अंत में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, हरदा की ओर से बंदियों को प्रसाद वितरित किया गया। बंदियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और जेल में भविष्य में भी इस प्रकार के समाज सुधार एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा जताई।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित, जागरूकता रथ को किया गया रवाना

**सीहोर।** विश्व जनसंख्या दिवस पर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जनसंख्या स्थिरीकरण, परिवार नियोजन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा किशोर स्वास्थ्य के प्रति जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम सीहोर जिला अस्पताल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समुदाय में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने वाली आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। जिला अस्पताल में आईपीएएस के सहयोग से प्रचार प्रसार के लिए सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके साथ ही रैली के माध्यम से आमजन को विवाह के बाद प्रथम संतान में उचित अंतराल रखने, दो बच्चों के जन्म के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतर रखने, प्रसवोत्तर एवं गर्भपातोत्तर परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ लेने, पुरुषों की परिवार नियोजन में सहभागिता बढ़ाने तथा दीर्घकालिक एवं अस्थायी गर्भनिरोधक साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन संबंधी सेवाओं की जानकारी दी गई। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण, परिवार नियोजन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा किशोर स्वास्थ्य के प्रति जनजागरुकता के लिए जिले में 11 से 18 जुलाई तक अभियान का चलाया जा रहा है। डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने कहा कि स्वस्थ एवं समृद्ध समाज के निर्माण के लिए परिवार नियोजन अत्यंत आवश्यक है। गर्भधारण के बीच उचित अंतर रखने से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आती है, बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास बेहतर होता है तथा परिवार का सामाजिक एवं आर्थिक स्तर भी सुदृढ़ होता है।

# बहने लगा गाढ़ा तेल तो बाल्टी व डिब्बे लेकर लूटने दौड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



खामलिया रोड पर एक बड़ा सडक़ हादसा होने से हडक़ंप मच गया, जहां एक तेल और डामर से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पलट गया। इस हादसे में गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई और ड्राइवर-क्लीनर सुरक्षित हैं। लेकिन हादसे के तुरंत बाद दुर्घटनास्थल पर अजीब नजारा देखने को मिला। जैसे ही टैंकर से काले गाढ़े तेल का रिसाव शुरू हुआ आस-पास के ग्रामीणों में उसे बटोरने की होड़ मच गई। लोग अपनी जान जोखिम में डालकर तेल लूटने के लिए दौड़ पड़े।

टैंकर पलटने और उससे तेल बहने की खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। कुछ ही देर में बच्चे, महिलाएं और पुरुष अपने घरों से जो हाथ लगा बाल्टी, डिब्बे, प्लास्टिक की बोतलें और पीपे लेकर मौके पर पहुंच गए। सडक़ पर बह रहे गाढ़े काले तेल को डिब्बों में भरने के लिए लोगों के बीच खींचतान और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग यह भूल गए कि पलटे हुए टैंकर के पास जाना कितना खतरनाक साबित हो सकता है।

### प्रभावित हुआ यातायात

सडक़ किनारे टैंकर पलटने और तेल लूटने के लिए जुटी लोगों की भीड़ के कारण खामलिया रोड पर वाहनों के पहिए थम गए और कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद तेल बटोर रहे लोगों को टैंकर से दूर खदेड़ा और भीड़ को नियंत्रित करते हुए सडक़ पर यातायात को दोबारा सुचारू रूप से चालू कराया।

## 7 हजार से अधिक बच्चों को मिला मनचाहे स्कूलों में निशुल्क प्रवेश

**सीहोर।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत तीसरे चरण की लॉटरी प्रक्रिया शुक्रवार को संपन्न हो गई। इसमें 7 हजार 630 बच्चों को उनकी पसंद के निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश मिला। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने तीसरे चरण की ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया का बटन क्लिक किया। इस लॉटरी प्रक्रिया में उन बच्चों को शामिल किया गया था, जिन्हें पूर्व में आयोजित प्रथम एवं द्वितीय चरणों की लॉटरी में उनकी पसंद के स्कूल आवंटित नही हो सके थे। निजी विद्यालयों की रिक्त सीटों अनुसार तृतीय चरण की लॉटरी के लिए अपनी वरीयता अंकित करते हुए आवेदन करने का एक और अवसर प्रदान किया गया था। तीसरे चरण की लॉटरी में बच्चों को उनकी चुनी गई वरीयता के आधार पर निजी स्कूलों में सीट का आवंटन 10 जुलाई को किया गया। नर्सरी कक्षा में 4695, के.जी. 1 में 2042 और कक्षा 1 में 893 बच्चों को प्रवेश प्राप्त हुआ। सिंह ने लॉटरी में चयनित बच्चों को उनकी पसंद का स्कूल आवंटित होने पर बधाई दी है।




# बुजुर्गों को परिवार का अभिन्न अंग बनाए रखें और उनकी शारीरिक-भावनात्मक जरुरतों का ध्यान रखें: राहुल सिंह



**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में दो दिवसीय विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर आश्रम के संचालक राहुल सिंह ने कहाकि युवाओं को यह याद दिलाना कि वे अपने बुजुर्गों को परिवार का अभिन्न अंग बनाए रखें और उनकी शारीरिक-भावनात्मक ज़रूरतों का ध्यान रखें।

संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। जिनका उद्देश्य वृद्धजनों को सम्मान, स्नेह और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। इन आयोजनों का मुख्य संदेश यह होता है कि वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल करना समाज और परिवार का नैतिक कर्तव्य है।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि हर साल 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य केवल बढ़ती जनसंख्या के आंकड़ों पर चर्चा करना नहीं, बल्कि उन चुनौतियों के प्रति लोगों को जागरूक करना भी है जो तेजी से बढ़ती आबादी के कारण सामने आती हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव, शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण, खाद्य सुरक्षा और प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग जैसे कई मुद्दे जनसंख्या वृद्धि से जुड़े हुए हैं। विश्व जनसंख्या दिवस की शुरुआत उस समय हुई जब दुनिया की आबादी तेजी से बढ़ रही थी और यह महसूस किया गया कि इस विषय पर वैश्विक स्तर पर चर्चा और जागरूकता जरूरी है। आज यह दिन परिवार नियोजन, महिलाओं के स्वास्थ्य, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, लैंगिक समानता और युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर भी ध्यान केंद्रित करता है।